Title: Need to set up L.P.G. outlets at Simri Bakhtiyarpur in Saharsa District and Virpur in Supaul District in Bihar - Laid.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (सहरसा): महोदय, बिहार राज्य अर्न्तगत मेरे संसदीय क्षेत्र सहरसा में सिमरी-बख्तियारपुर एवं वीरपुर प्रमुख शहर है। यह दोनों जगह अनुमंडल मुख्यालय भी है। इन जगहों पर रसोई गैस एजेंसी नहीं रहने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सिमरी बख्तियारपुर एवं वीरपुर से काफी दूरी पर रसोई गैस की एजेंसी है।

अतः सरकार सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर एवं सुपौल जिला के वीरपुर में रसोई गैस एजेंसी की दुकान शीघ्र खोले।